पत्रिका

# ब्रांडेड विदेशी कंपनी के बना रहे थे नकली शूज, 20 लाख का माल जब्त




कोर्ट ने किया मौका कमिश्नर नियुक्त, दिल्ली द्वारका कोर्ट के आदेश पर हुई कार्रवाई

अलवर. खैरथल-तिजारा जिले में विदेशी ब्रांडेड शूज कंपनी के नकली जूते बनाकर मार्केट में सप्लाई करने वाली फैक्ट्री पर सोमवार शाम बड़ी कार्रवाई हुई। फैक्ट्री से करीब 20 लाख रुपए का माल जब्त किया गया। जानकारी के अनुसार अलूडिकेशन एडवोकेट्◌स एंड सॉलिसीटर्स कंपनी की निदेशक नवलीन स्वाइन ने दिल्ली के द्वारका कोर्ट में एप्लीकेशन लगाई कि उनकी सहयोगी कंपनी चैंपियन जो की विदेशी ब्रांडेड शूज बनाती है। उसके नाम से खैरथल-तिजारा जिले में एक फैक्ट्री में नकली शूज बनाकर मार्केट में सप्लाई किया जा रहे हैं। जिस पर द्वारका कोर्ट ने कार्रवाई के आदेश देते हुए एडवोकेट संजय मलिक को मौका कमिश्नर नियुक्त किया। कंपनी के प्रतिनिधि संजय शर्मा, एडवोकेट गौतम वसीन और एडवोकेट वरुण खन्ना सोमवार शाम मोगा कमिश्नर और अपनी टीम के साथ खैरथल के रीको एरिया स्थित इंडस फाइन आट्◌र्स प्राइवेट लिमिटेड फैक्ट्री पर पहुंची।

वहां कॉपीराइट एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए बड़ी मात्रा में चैम्पियन कंपनी के नाम से बने नकली शूज जब्त किए। कंपनी के प्रतिनिधि संजय शर्मा ने बताया कि खैरथल फैक्ट्री के द्वारा नकली शूज बनाकर मार्केट में उनकी कंपनी का नाम खराब किया जा रहा था। कार्रवाई के दौरान खैरथल थाना पुलिस भी मौजूद रही।

Source: https://www.patrika.com/alwar-news/fake-shoes-of-foreign-branded-companies-were-being-made-goods-worth-rs-20-lakh-seized-19184925